नईदुनिया

भोपाल, 10 नवम्बर 2026

छठ पर्व के लिए विशेष ट्रेनें, यात्रियों को राहत

रेलवे सुरक्षा बल और टिकट जांच कर्मचारी रखेंगे निगरानी, भीड़ प्रबंधन के लिए किए गए व्यापक इंतजाम

नईदुनिया ब्यूरो, भोपालः दीपावली और छठ महापर्व पर रेलगाड़ियों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए तीन विशेष रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय लिया है। इनमें दो रेलगाड़ियां लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दानापुर और गोरखपुर के लिए संचालित होंगी, जबकि तीसरी पुणे से दानापुर के लिए एकतरफा विशेष रेलगाड़ी होगी। इन सभी रेलगाड़ियों का भोपाल मंडल के इटारसी, भोपाल और बीना स्टेशनों पर ठहराव रहेगा।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस-दानापुर बिना आरक्षण वाली विशेष रेलगाड़ी 10 नवंबर को रात 11:55 बजे रवाना होगी। यह 11 नवंबर को दोपहर 2:04 बजे इटारसी पहुंचेगी और तीन मिनट के ठहराव के बाद रवाना होगी। रेलगाड़ी 12 नवंबर को सुबह 10:30 बजे दानापुर पहुंचेगी। वापसी में यह 12 नवंबर को दोपहर 1:30 बजे दानापुर से चलकर 13 नवंबर को सुबह 10:01 बजे इटारसी पहुंचेगी। यहां पांच मिनट रुकने के बाद रात 11:30 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। इसमें 18 सामान्य श्रेणी और दो एसएलआरडी सहित कुल 20 डिब्बे रहेंगे।

लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर विशेष रेलगाड़ी 10 नवंबर को दोपहर 2:50 बजे रवाना होगी। यह 11 नवंबर को सुबह 3:56 बजे इटारसी, 6:01 बजे भोपाल और 8:26 बजे बीना पहुंचेगी। तीनों स्टेशनों पर पांच-पांच मिनट का ठहराव रहेगा। रेलगाड़ी उसी दिन रात 11:50 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। वापसी में यह 12 नवंबर को सुबह 5:30 बजे गोरखपुर से रवाना होकर 13



नवंबर को दोपहर 2:30 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। इसमें 20 आधुनिक एलएचबी डिब्बे रहेंगे।

पुणे-दानापुर एकतरफा विशेष रेलगाड़ी 10 नवंबर को रात 8:20 बजे पुणे से रवाना होगी। यह 11 नवंबर को सुबह 11:45 बजे इटारसी पहुंचेगी और पांच मिनट बाद रवाना होगी। 12 नवंबर को सुबह 5:50 बजे दानापुर पहुंचेगी। इसमें वातानुकूलित, शयनयान और सामान्य श्रेणी के कुल 22 एलएचबी डिब्बे लगाए जाएंगे।

रेलवे ने यात्रियों को समय-सारणी और ठहराव की जानकारी के लिए रेल सहायता दूरभाष संख्या 139 तथा राष्ट्रीय रेल पूछताछ प्रणाली के माध्यमों का उपयोग करने की सलाह दी है।

यात्रियों की सुविधा के लिए नवंबर माह में मंडल से होकर विभिन्न दिशाओं में 24 विशेष रेलगाड़ियों (12 जोड़ी) का संचालन किया जा रहा है। इन रेलगाड़ियों के माध्यम से यात्रियों को देश के प्रमुख शहरों और धार्मिक स्थलों तक आने-जाने की अतिरिक्त सुविधा मिलेगी। साथ ही नियमित रेलगाड़ियों में भीड़ कम करने में भी सहायता मिलेगी।

त्योहारों के दौरान यात्रियों की आवाजाही बढ़ने के कारण भोपाल, रानी कमलापति, बीना, गुना और इटारसी सहित प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है।

रेलवे सुरक्षा बल और टिकट जांच कर्मचारी मंचों, स्टेशन परिसर, प्रवेश और निकास द्वारों सहित यात्रियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों में लगातार निगरानी रख रहे हैं। भीड़ नियंत्रण और यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

यात्रियों को टिकट लेने में परेशानी न हो, इसके लिए स्टेशनों पर स्वचालित टिकट वितरण मशीनें चालू रखी गई हैं। इनके माध्यम से यात्री स्वयं बिना आरक्षण वाले टिकट प्राप्त कर सकते हैं। इससे टिकट खिड़कियों पर भीड़ और लंबी कतारों को कम करने में मदद मिलेगी।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि त्योहारों के दौरान अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए विशेष रेलगाड़ियों के संचालन के साथ प्रमुख स्टेशनों पर सुरक्षा और यात्री सुविधाओं के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। रेलवे सुरक्षा बल और टिकट जांच कर्मचारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। टिकट संबंधी सुविधाओं को भी सुचारु रखा गया है।

छठ पूजा के लिए घाटों पर होंगी विशेष व्यवस्थाएं

नईदुनिया ब्यूरो, भोपालः दीपावली, गोवर्धन पूजा और छठ महापर्व को देखते हुए नगर निगम ने शहर में विशेष व्यवस्थाएं की हैं। दीपावली के अवसर पर मंदिरों के सामने चूने से आकर्षक रंगोली बनाने, साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। वहीं, छठ पूजा के लिए शहर के छोटे-बड़े 54 घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे। आतिशबाजी के दौरान सुरक्षा बनाए रखने के लिए पटाखा बाजारों में दमकल वाहन और अग्निशमन दल तैनात किए गए हैं।

महापौर और नगर निगम आयुक्त ने दीपावली, गोवर्धन पूजा और छठ पूजा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने मंदिरों के आसपास सफाई और सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश दिए, ताकि त्योहार के दौरान श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुंदर वातावरण मिल सके। छठ पूजा के अवसर पर 15 और 16 नवंबर को शहर के 54 घाटों पर विशेष व्यवस्थाएं रहेंगी। नगर निगम द्वारा घाटों की साफ-सफाई के साथ पर्याप्त रोशनी, पेयजल, सार्वजनिक शौचालय और पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। महिलाओं के लिए कपड़े बदलने के कक्ष भी बनाए जाएंगे। निगम अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि छठ पूजा शुरू होने से पहले सभी घाटों पर आवश्यक कार्य पूरे कर लिए जाएं। इससे श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। पटाखा बाजारों में आगजनी की घटनाओं से निपटने के लिए नगर निगम ने विशेष प्रबंध किए हैं। दीपावली की पूरी रात अग्निशमन दल तैनात रहा। 10 और 11 नवंबर को भी पटाखा बाजारों में दमकल वाहन और कर्मचारी मौजूद रहेंगे।

हिंगोट युद्ध की परंपरा निभाई, योद्धा आमने-सामने

364 दिन दोस्ती, एक दिन जंग... दीपावली के अगले दिन हुआ हिंगोट युद्ध, मुकाबले में 20 से अधिक घायल

नईदुनिया ब्यूरो, भोपालः दीपावली के अगले दिन सोमवार को मालवा की प्रसिद्ध परंपरा हिंगोट युद्ध का आयोजन किया गया। धोक पड़वा पर होने वाले इस पारंपरिक मुकाबले में गौतमपुरा के तुर्रा और रूणजी के कलंगी दल के सैकड़ों योद्धा आमने-सामने हुए। दोनों दलों के योद्धा हाथों में ढाल, कंधों पर हिंगोट से भरे झोले और जलती हुई बांस की कीमचियां लेकर मैदान में उतरे। इस दौरान दोनों ओर से एक-दूसरे पर जलते हिंगोट और कीमचियां फेंकी गईं। मुकाबले में करीब 20 लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

हिंगोट युद्ध देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मैदान में पहुंचे थे। मैदान में दोनों दलों के योद्धाओं के बीच मुकाबला चलता रहा और दर्शक जलती हुई कीमचियों से बचते नजर आए। घायलों को तत्काल मैदान से बाहर निकालकर



अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई थी।

युद्ध में शामिल योद्धा ऋषि ने बताया कि दोनों दलों के बीच साल के 364 दिन दोस्ती रहती है, लेकिन एक दिन हिंगोट युद्ध होता है। मुकाबला समाप्त होने के बाद दोनों दलों के योद्धा अपनी-अपनी ढाल लेकर घर लौटे। उनकी ढाल पर अलग-अलग संदेश लिखे थे। एक ढाल पर लिखा था, 'हमसे व्यवहार बनाओगे तो अगला त्योहार मनाओगे।'

निगरानी के लिए लगाए गए कैमरेः आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया। मैदान में जगह-जगह निगरानी कैमरे लगाए गए थे, जिनके माध्यम से पूरे मुकाबले पर नजर रखी गई। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस भी तैनात थीं। संघ के एसडीओ हित सम्राट ने बताया कि निगरानी कैमरों के माध्यम से युद्ध की लगातार देखरेख की गई।

मैदान का विस्तार कराने का आश्वासनः विधायक मनोज पटेल ने बताया कि हिंगोट युद्ध वर्षों पुरानी परंपरा है। इस मुकाबले में जिस दल के योद्धा दूसरे दल के सबसे अधिक झोले नष्ट करते हैं, उसे विजेता माना जाता है। उन्होंने हिंगोट युद्ध के मैदान का विस्तार कराने के लिए राशि उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

मुकाबला समाप्त होने के बाद दोनों दलों के योद्धा अपनी ढाल लेकर घर लौट गए। इस तरह दीपावली के अगले दिन मालवा की यह पारंपरिक परंपरा एक बार फिर निभाई गई।

बिजली कटौती को लेकर सतर्क रहने की जरूरत

नईदुनिया ब्यूरो, भोपालः राजधानी में 10 नवंबर को बिजली कटौती को लेकर उपभोक्ताओं को सतर्क रहने की जरूरत है। बिजली कंपनी द्वारा समय-समय पर विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों और अन्य उपकरणों के रखरखाव का कार्य किया जाता है। ऐसे कार्यों के दौरान संबंधित क्षेत्रों में कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति बंद रखी जाती है।

बिजली आपूर्ति बाधित होने से घरेलू कामकाज के साथ दुकानों और व्यावसायिक गतिविधियों पर भी असर पड़ सकता है। ऐसे में उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे बिजली बंद होने से पहले पानी की टंकी भरने, मोबाइल और अन्य आवश्यक उपकरणों को चार्ज करने सहित जरूरी काम निपटा लें।

बिजली कटौती के दौरान अस्पतालों, जरूरी सेवाओं और अन्य आवश्यक संस्थानों में वैकल्पिक व्यवस्था बनाए रखना भी महत्वपूर्ण रहेगा।

हालांकि, 10 नवंबर के लिए प्रभावित क्षेत्रों और बिजली बंद रहने के समय की आधिकारिक सूची की पुष्टि नहीं हो सकी है। इसलिए उपभोक्ता अपने क्षेत्र की सटीक जानकारी बिजली कंपनी के स्थानीय कार्यालय या अधिकृत सूचना माध्यम से प्राप्त करें। 10 नवंबर को बिजली कटौती के क्षेत्र और समय को लेकर बिजली कंपनी के अधिकारी सूची तैयार कर रहे हैं।

नाम संसोधन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री मदिया बी का नाम आधार कार्ड में मदिहा नाम दर्ज हो गया है, जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही नाम मदिया बी पुत्री शाहिद अली दर्ज है। अतः उसे उसके सही नाम मदिया बी से जाना-पहचाना जाए।

(शाहिद अली)
वार्ड नं.-03, बेगमगंज
जिला-रायसेन (म.प्र.)

3084

परिशिष्ट B-संख्यांक 13
जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल
मैक ट्रिब्यूनल,भोपाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

एमएसीसी/1883/2022
आर्यन गौड **बनाम** संपत लाल विश्वकर्मा

NEXT DATE :20-11-2026

प्रेषिती-1. विकास विश्वकर्मा, संपत लाल विश्वकर्मा, पता-निवासी मकान नं. 5/18 पुरूषोत्तम नगर, फेस-02 सेमरा, अशोका गार्डन, भोपाल, म.प्र.। 2. संपत लाल विश्वकर्मा,राज कुमार विश्वकर्मा, पता- म.नं. 5/18 पुरूषोत्तम नगर, फेस-2 सेमरा गेट सेमराकला जिला भोपाल म.प्र.। **यह कि प्रार्थी** आर्यन गौड ने आपके विरूद्ध एमएसीसी/1883/2022 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 28-09-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें**:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

आशुतोष शुक्ल, न्यायाधीश
नवम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण भोपाल म.प्र.

3083

सूडोकु नवताल- 7955

मध्यम

		5			8			3
	7			3	5			
3						6		
							8	5
	6			7			1	
4	2							
		1						8
			7	4			3	
6			2			7		


Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7954 का हल

9	4	8	7	5	1	6	2	3
3	7	5	6	4	2	1	8	9
6	2	1	3	9	8	4	7	5
4	1	3	8	6	7	9	5	2
5	8	6	9	2	4	3	1	7
2	9	7	5	1	3	8	4	6
8	6	4	2	7	9	5	3	1
7	3	9	1	8	5	2	6	4
1	5	2	4	3	6	7	9	8


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

काकुरो पहेली - 7628




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 7627 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9036




बाएँ से दाएँ

1. अँगरखा-4
3. मान-सम्मान,इज्जत-3
5. शुभाशींवाद,नियामत-4
8. केश-2
10. कसम,प्रतिज्ञा,वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. माँड़ी,स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम,केश-2
20. अधिकार,आरोप-2
21. सतह,स्तर,पटल-2
23. लूटपाट,डाका-4
25. सभ्यीकरण,विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

ऊपर से नीचे


1. अनोखा,विचित्र,विलक्षण-3
2. नया,नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन,प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढ़ेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल,कालकोठरी-4
18. शोर,ध्वनि,कंपन्न-3
20. ताप,शवदाह-2
22. यज्ञ,आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

शब्द पहेली -9035 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7467



ऊपर से नीचेः-

१. ऋषि, अनिल, श्रीदेवी की फिल्म-४
२. 'नील गगन पे उड़ते बादल आ' गीत वाली फिल्म-४
३. फिल्म 'मि. बॉण्ड' में अक्षयकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
४. जीतेंद्र, रीना राय, रामेश्वरी की 'धक धक से धड़कना' गीत वाली फिल्म-२
५. 'सपनों का शहर हो' गीत वाली अरशद वारसी, महिमा चौधरी की फिल्म-३
८. सुष्मिता की पहली फिल्म ?-३
१०. 'चूड़े वाली छमिया मिला नैन रे' गीत वाली सनी, जयाप्रदा की फिल्म-३
१३. विनोद खन्ना, बिन्दू की 'दिल करने लगा है प्यार तुम्हे' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'जीना तेरी बाहों' गीत वाली सुनील शेट्टी, इंद्रकुमार, नम्रता की फिल्म-३
१७. प्रदीपकुमार, नर्गिस की 'दिल की गिरह खोल दो' गीत वाली फिल्म-२,२,२
१८. 'नजर के सामने जिगर' गीत वाली राहुल राय, अनु अग्रवाल की फिल्म-३
१९. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'ढपली वाले ढपली बजा' गीत वाली फिल्म-४
२१. 'गोरी जो मटके बालों' गीत वाली सुनील, खवीना, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३
२३. राजेंद्र कुमार, राखी की 'तुम मेरी हो मेरे सिवा किसी' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. 'हर एक घर में दिया' गीत वाली संजय सूरी, रेवती, गुल पनाग की फिल्म-२
२८. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'अभी सॉस लेने की' गीत वाली फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. 'बरसो रे मेघा' गीत वाली फिल्म-२
२. राजेशखन्ना, धर्मेन्द्र, वहीदा की फिल्म-३
४. 'नींद कभी रहती थी आँखों में' गीत वाली फिल्म-३
६. राज सोलंकी, हिना रहमान, पायल की फिल्म-२
७. 'कहना है जो दिल से कहो' गीत वाली फिल्म-४
९. संजीवकुमार, नूतन की फिल्म-२
११. 'हम और तुम तुम और' गीत वाली फिल्म-२
१२. अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१४. 'कुछ लोग यहाँ पर ऐसे है' गीत वाली फिल्म-४
१५. मकरंद देशपांडे, शबाना, श्वेता की फिल्म-३
१६. 'जब आती होगी याद मेरी' गीत वाली फिल्म-२
१७. संजय कपूर, माधुरी की फिल्म-२
१९. 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
२०. अनिल धवन, रेहाना की फिल्म-२,२
२२. 'पर्दे में रहने दो पर्दा ना' गीत वाली फिल्म-३
२४. सुनील दत्त, साधना की फिल्म-३
२५. 'दिल जंगली कबूतर' गीत वाली फिल्म-३
२६. अभिषेक, उदय, एशा की फिल्म-२
२७. 'शरमाए काहे घबराये' गीत वाली फिल्म-२
२९. आमिर, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
३०. 'लगन लागी मन की लगन' गीत वाली फिल्म-२
३१. फिल्म 'मनोरंजन' में नायिका कौन थी-३
३२. शाहरूख, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7466

य	स	बॉ	स		स	र	फ	रे	श
हू		बी		ह	त्या		श	जा	
दी	पा		दे	व		डो	र		अं
	ल	म्हे		स	हे	ली		श	ज
खा	की		औ		श		अं	ज	लि
मो		स	र	ग	म			पू	
श	श	फ	त			प्रि	य	त	मा
		र		मि	ली		श		ई
रे	टी		सू	ल		यँ		खे	ल
	ना	म		न	म	की	न		व

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7561

	6	7	4		2	3
1	33		30	5	27	
	5		6		1	
2	36	4	31	6	26	
		5				2
6	36		31	3	34	4
3		1		7		

Jagrutidaur.com, Bangalore

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7560 का हल

2	7	5	4	3	6	1
1	33	2	29	6	33	6
6	7	3	1	5	4	2
4	42	4	29	4	25	4
5	6	7	4	1	2	3
7	37	6	32	2	33	7
3	2	1	4	7	6	5

शब्दजाल - 8581

शब्द जाल में 10 महिला राज्यपालों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

सरोजिनी नायडू, विजयलक्ष्मी पंडित, शारदा मुखर्जी, कुमुदबेन जोशी, सरला ग्रेवाल, रामदुलारी सिन्हा, चंद्रावती, शीला कौल, राजेंद्रकुमारी वाजपेयी, रजनी पाल

स	रा	जें	द्र	कु	मा	री	वा	ज	पे	यी	
द	स	ल	प्रे	व	जी	स	द	ह	कां	रा	
वि	स	रो	म	र	ज	नी	पा	ल	ख	म	
शा	स	स	जि	दि	वा	स	ध	चं	श	दु	
र	आ	र	ग	नी	ज	ना	तू	द्रा	झ	ला	
दा	ल	ला	र	दि	ना	उ	ती	व	घ	री	
मु	व	ग्रे	मी	या	प	य	ज	ती	व	सि	
ख	एं	वा	ई	द	ब	क	डू	ए	श	न्हा	
जीं	ड	ल	कु	म	द	बे	न	जो	शी	आ	
क	गॉ	ल	प	लि	जी	शी	ला	कौ	ल	द	
वि	ज	य	ल	क्ष्मी	पं	डि	त	ब	प	म	

शब्दजाल - 8580 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore